उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 19.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 19.04.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः-19.04.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया, जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, मॉकड्रिल में सिखाये आग बुझाने के तरीके, वितरित किये गये जागरुकता पम्पलेट्स...।

ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में अग्नि सुरक्षा से बचाव हेतु प्रचलित अभियानों के क्रम में आज दिनांक- 18.04.2025 को जनपद में अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महोबा, श्री देवेश तिवारी के नेतृत्व में अग्निशमन टीम द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान के तहत जनपद में स्थित होटलों एवं प्राइवेट नर्सिंग होम्स/अस्पतालों का निरीक्षण किया गया।

इस अवसर पर अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा संबंधित संस्थानों में कार्यरत समस्त स्टाफ को अग्निशमन उपकरणों की कार्यप्रणाली, उनके प्रयोग की विधि तथा आग लगने की स्थिति में किए जाने वाले प्राथमिक सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई।

साथ ही आग जैसी आपातकालीन स्थितियों में त्वरित एवं सुरक्षित कार्यवाही के संबंध में भी कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानस में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की क्षमता को मजबूत करना है।

अग्निशमन विभाग द्वारा जनपद में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आगामी दिनों में भी जारी रखे जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक लोगों को अग्नि सुरक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जा सके।







उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 19.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

**पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कोतवाली नगर का किया गया वार्षिक निरीक्षण, थाना परिसर की साफ-सफाई पर जताई आपत्ति, अभिलेखों के रख-रखाव में सुधार हेतु दिए आवश्यक निर्देश, विवेचकों का अर्दली रुम कर लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की...।**

आज दिनांकः- 19.04.25 को जनपद महोबा के पुलिस अधीक्षक श्री पलाश बंसल द्वारा थाना कोतवाली नगर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण पुलिस व्यवस्था की समीक्षा, कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने तथा सुदृढ़ पुलिसिंग और जनसुरक्षा के लिए बीट व्यवस्था को और अधिक प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से किया गया।

**निरीक्षण के दौरान निम्नलिखित बिंदुओं का निरीक्षण कर विस्तृत मुआयना किया गया:-**

- ➡ थाना परिसर की स्वच्छता व्यवस्था
- ➡ कार्यालयीन कार्यों की प्रक्रिया एवं अभिलेखों का रख-रखाव
- ➡ CCTNS (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम) कार्यालय की स्थिति
- ➡ बैरक, हवालात, भोजनालय एवं शौचालय की स्वच्छता एवं स्थिति
- ➡ महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली एवं सुविधाएं
- ➡ शस्त्रागार एवं उसमें रखे गए शस्त्रों की व्यवस्था
- ➡ अपराध रजिस्टर सहित अन्य आवश्यक रजिस्टरों की स्थिति

निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई संतोषजनक नहीं पाई गई, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने असंतोष व्यक्त करते हुए थाना हेड मुहर्रिर को स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी 03 दिवस के अन्दर समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए तथा इसका अनुपालन रिपोर्ट के माध्यम से प्रस्तुत किया जाए।

इसके अतिरिक्त अभिलेखों की अद्यतन स्थिति पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। कुछ रजिस्टरों के अद्यावधिक एवं अद्यतन न होने की स्थिति पाई गई, जिस पर संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि सभी आवश्यक अभिलेखों को तत्काल अद्यतन किया जाए और उनके रख-रखाव में पूर्ण सावधानी बरती जाए।

निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सभी विवेचकों का अर्दली रूम भी आयोजित किया गया। इसमें लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा प्रत्येक विवेचक से उनके विवेचना कार्य की प्रगति पर व्यक्तिगत रूप से चर्चा की गई। निर्देशित किया गया कि सभी विवेचक समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचना सुनिश्चित करें ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कानून व्यवस्था बनाए रखने, जनसामान्य के प्रति संवेदनशील व्यवहार रखने तथा अपने कार्यों में कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं ईमानदारी बनाए रखने हेतु प्रोत्साहित किया।

उन्होंने यह भी कहा कि थाना स्तर पर जनता की शिकायतों के त्वरित निस्तारण, महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम एवं समुदाय पुलिसिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्राथमिकता से कार्य किया जाए, जिससे जनता का पुलिस पर विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके।

इस निरीक्षण के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि पुलिस व्यवस्था को अधिक उत्तरदायी एवं जनहितैषी बनाया जा सके तथा प्रशासनिक स्तर पर पारदर्शिता व जवाबदेही को बढ़ावा मिले।




इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, प्र0नि0 कोतवाली नगर श्री अर्जुन सिंह, वाचक श्री सन्तोष कुमार दुबे, पीआरओ श्री बिषय देव बुन्देला, निरीक्षक श्री शिवपाल सिंह, निरीक्षक श्री मनीष पाण्डेय, थाना कोतवाली नगर के समस्त चौकी प्रभारी सहित अन्य सम्बन्धित अधि./कर्म. मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अवैध शस्त्र के निर्माण व परिवहन पर प्रभावी रोकथाम अभियान के क्रम में आज दिनांक 19.04.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 अर्जुन पटेल मय हमराह हे0कां0 श्याम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त भारत सिंह पुत्र विजय बहादुर उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम वल्लाये थाना खरेला जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा अवैध 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुए ग्राम अनघौरा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 75/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1. उ0नि0 अर्जुन पटेल
2. हे0कां0 श्याम सिंह

### गिरफ्तारी अभियुक्त–

भारत सिंह पुत्र विजय बहादुर उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम वल्लाये थाना खरेला जनपद महोबा



## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में त्यौहारों को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 19.04.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर, श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 अनुरुद्व प्रताप सिंह मय हमराह कां0 अंकित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त जुगल किशोर तिवारी पुत्र रामआसरे उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम ग्योड़ी थाना खन्ना जनपद महोबा सम्बंधित मु0नं0 35/13 अ0सं0 05/2010 धारा 25 आर्म्स एक्ट में मा0 न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू0डि0/एफटीसी हमीरपुर द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को ग्राम ग्योड़ी थाना खन्ना के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

जुगल किशोर तिवारी पुत्र रामआसरे उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम ग्योड़ी थाना खन्ना जनपद महोबा

**गिरफ्तार करने वाली टीम -**

1.उ0नि0 अनुरुद्व प्रताप सिंह
2.कां0 अंकित कुमार



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.04.2025
महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

## अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु मॉकड्रिल का आयोजन किया गया, विद्यार्थियों व अध्यापकों को अग्नि सुरक्षा व हीट वेव से बचाव हेतु किया गया जागरूक-

आज दिनांक- 19 अप्रैल 2025 को अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जनपद महोबा में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्री देवेश तिवारी के नेतृत्व में अग्निशमन टीम महोबा द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में जाकर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के मध्य अग्नि सुरक्षा विषयक मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अग्नि दुर्घटना की स्थिति में किए जाने वाले प्राथमिक सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई तथा अग्निशमन यंत्रों के प्रयोग एवं सुरक्षित निकासी की विधियों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों में प्रारंभिक स्तर से ही अग्नि सुरक्षा के प्रति सजगता एवं आत्मरक्षा के कौशल का विकास करना रहा।

साथ ही, वर्तमान मौसम की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए हीट वेव (लू) से बचाव के उपायों पर भी विशेष बल दिया गया। बच्चों एवं शिक्षकों को लू से बचने के लिए आवश्यक सावधानियों से अवगत कराते हुए पंपलेट्स का वितरण किया गया, जिनमें दैनिक जीवन में अपनाए जा सकने वाले व्यावहारिक सुझावों का समावेश था।

प्रभारी अग्निशमन अधिकारी द्वारा संदेश दिया गया कि "सावधानी ही सुरक्षा की पहली सीढ़ी है। प्रत्येक व्यक्ति को अग्नि सुरक्षा से जुड़े मूलभूत ज्ञान से अवगत होना चाहिए, जिससे किसी भी आपात स्थिति में जान-माल की हानि को न्यूनतम किया जा सके।" विद्यालय प्रशासन द्वारा इस जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की गई और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस दौरान स्कूल प्रबंधक श्री अविजित पालीवाल, प्रधानाचार्य श्रीमती पुनीता तिवारी, श्री सुधीर, श्रीमती अर्चना सिंह सहित समस्त विद्यालय स्टाफ, छात्र छात्राएं एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे। जिसमें अनुष्का, लक्ष्य वोहरा, अभिजीत  प्रधानाचार्या व अर्चना सिंह ने अग्नि सुरक्षा मॉकड्रिल भी किया गया।







प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## ट्रांसफार्मर में लगी आग पर अग्निशमन विभाग की तत्परता से पाया गया नियंत्रण, अग्निशमन यंत्र (Fire Extinguisher) के बाद बुझाई गई आग, बिजली विभाग को दी गई सूचना।

आज दिनांक- 19.04.2025 को जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय के समीप स्पोर्ट्स स्टेडियम रोड में अवस्थित विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक आग लगी, वहीं पास से जा रहे अग्निशमन अधिकारी श्री देवेश तिवारी मय अग्निशमन टीम ने ट्रांसफार्मर से धुआ लिकलने की आहट को भाप लिया और वहीं पर अपनी गाड़ी को रोककर स्थिति का आकलन किया जिसके क्रम में अग्निशमन यंत्र (Fire Extinguisher) का प्रयोग करते हुए तथा आग पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया। जिससे किसी प्रकार की जनहानि या आसपास की संपत्ति को नुकसान नहीं होने पाया।

प्रभारी अग्निशमन द्वारा इस घटना की जानकारी तत्काल विद्युत विभाग को भी प्रदान की गई, ताकि विद्युत आपूर्ति को नियंत्रित किया जा सके एवं भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा संबंधित ट्रांसफार्मर को बंद कर निरीक्षण प्रारंभ कर दिया गया। आग लगने के संभावित कारणों की जांच प्रारंभ कर दी गई है, हालांकि प्राथमिक दृष्टि से शॉर्ट सर्किट की संभावना जताई जा रही है।

अग्निशमन प्रभारी द्वारा आमजन से अपील की गई है कि ऐसी किसी भी आपात स्थिति में तत्काल फायर कंट्रोल रूम को सूचित करें और स्वयं जोखिम में न पड़ें।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा की उपस्थिति में थाना चरखारी का औचक निरीक्षण किया गया, सैनिक सम्मेलन में पुलिस कर्मियों से किया संवाद, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश...।

आज दिनांकः- 19.04.2025 को श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस0 द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल की मौजूदगी में जनपद महोबा अंतर्गत थाना चरखारी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य थाना स्तर पर कार्यरत पुलिस बल की कार्यप्रणाली, अनुशासन, संसाधनों एवं समस्याओं की प्रत्यक्ष समीक्षा करना रहा।

पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय द्वारा थाना चरखारी का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाने की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव, शस्त्रागार, मालखाना एवं बंदी गृह आदि का गहनता से जायजा लिया। थानाक्षेत्र में अपराध नियंत्रण हेतु उन्होंने निर्देशित किया कि थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु गश्त को नियमित किया जाए, अपराधियों पर पैनी नजर रखी जाये। जनता की शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण हो तथा थाने में आने वाले नागरिकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। इसके उपरांत महोदय द्वारा थाने पर तैनात समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का सैनिक सम्मेलन आयोजित किया गया।

सैनिक सम्मेलन में पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय ने अधिकारियों व कर्मचारियों से व्यक्तिगत रूप से परिचय प्राप्त किया तथा उनकी पारिवारिक, स्वास्थ्य और विभागीय समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। सम्मेलन में पुलिस कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य, कार्य संतुलन, तनाव प्रबंधन और कार्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने पर भी बल दिया गया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी श्रीमती हर्षिता गंगवार, थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह, पीआरओ श्री बिषय देव बुन्देला सहित अन्य सम्बन्धित अधि. एवं कर्म. मौजूद रहे।










